तापमान
अधिकतम 36.2 डिग्री
न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, गुरुवार 27 मार्च 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

आनंदी चौका आरती का कार्यक्रम हुआ 14



पांच दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ 14



## खबर संक्षेप

### सरकारी स्कूल की छात्रा सिमरन पढ़ेगी नवोदय में



**महासमुंद।** जिला मुख्यालय के वनांचल क्षेत्र के ग्राम नायकबांधा में अध्ययरत छात्रा कु सिमरन पिता शिवनारायण दीवान का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। उल्लेखनीय है कि महासमुंद ब्लाक की इकलौती छात्रा है जो सरकारी स्कूल में अध्ययनरत है और नवोदय विद्यालय के लिए चयनित हुई है। शासकीय प्राथमिक शाला नायकबांधा की छात्रा सिमरन के चयन पर ग्रामीणजनों में हर्ष व्याप्त है। साथ ही शाला के प्रधान पाठक दौलत राम निषाद, कक्षा शिक्षक पी श्रीधर राव एवं शिक्षक शिवकुमार कंवर ने छात्रा की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है।

### युवक कार की टक्कर से हुआ घायल

**महासमुंद।** सामान खरीदने किराना दुकान जा रहा युवक कार की टक्कर से घायल हो गया। पिथौरा थाने में घायल युवक के पिता की रिपोर्ट पर आरोपी कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी देवसिंह डडसेना पिता स्व. नारायण डडसेना निवासी पिथौरा ने रिपोर्ट लिखाई है कि 22 मार्च की शाम लगभग 5.30 बजे उसका बेटा ऐश्वर्य डडसेना (28 वर्ष) घर से रावणभाठा पारा किराना स्टोर्स में राशन समान खरीदने पैदल जा रहा था। इस दौरान अल्टो वाहन क्रमांक सीजी04एच 4541 के चालक द्वारा लापरवाहीपूर्वक व तेज गति से अपने वाहन को चला कर ऐश्वर्य डडसेना को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे युवक के दाहिने पैर में गंभीर चोट व मुंह होठ, बांये पैर , बांये कंधे में चोट आई है। मामले में पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125(ए) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

**कार्रवाई :** सात लाख का सामान जब्त, अभी और चोरी करने की फिराक में थे

# चोरी की 25 बाइक जब्त, चार गिरफ्तार महासमुंद पुलिस को मिली बड़ी सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के विभिन्न स्थानों से बाईक और सबमर्सिबल पंपों की चोरी करने वाले गिरोह के 2 सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चोरी के आरोपियों से पुलिस ने कुल सात लाख रुपए के 25 बाइकें और 6 सबमर्सिबल पंपों को जब्त किया है। पुलिस के अनुसार ये आरोपी महासमुंद के अलग-अलग स्थानों से वाहन चोरी कर बिक्री करने के फिराक में थे।

मामले को लेकर कोतवाली पुलिस ने बताया कि प्रार्थी शेर मोहम्मद वार्ड नं. 5 महासमुंद ने रिपोर्ट लिखाई थी कि 15 फरवरी की सुबह करीब 8 बजे मैं घर से अपने मोटर सायकल एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी 06 जीजे 9071 से बस स्टैंड महासमुंद के यात्री प्रतीक्षालय में लॉक कर और ऑटो चलाने के लिए खल्लारी चला गया था। जब वह खल्लारी से वापस करीब दोपहर 3 बजे आया तो देखा कि उसकी बाइक वहां नहीं थी। इस मामले में पुलिस ने धारा 303 (2) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया।

पुलिस को विवेचना के दौरान 25 मार्च को मुखबिर से सूचना मिली कि खैरा चौक शराब भट्ठी के पास कुछ व्यक्ति पुरानी गाड़ियां बेचने के लिए ग्राहक खोज रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और चारों व्यक्तियों से पूछताछ करने लगी तो ये लोग गोलमोल जवाब देने लगे। पूछताछ में इन लोगों ने अपने-अपने नाम कुबेर चंद्राकर उर्फ गब्बू पिता रेखराज चंद्राकर (37 वर्ष) निवासी हाल मुकाम वार्ड क्र 28 मौहारी भांठा पानी टंकी के पास महासमुंद स्थायी पता ग्राम सेनचुआ थाना कुरूद जिला-धमतरी, प्रीतम चक्रधारी पिता सुबेलाल चक्रधारी (19 वर्ष) निवासी कोल्दा मंडी पारा चौकी बुंदेली थाना तेंदूकोना महासमुंद, हितेश कुमार कुम्हार पिता नंदलाल कुम्हार (24 वर्ष) निवासी ग्राम फरौद वार्ड क्र 11 कुम्हार पारा चौकी बुंदेली और अशफाक अली उर्फ अस्तु पिता राईस अली (19 वर्ष) निवासी कोल्दा वार्ड क्र 01 चौकी बुंदेली बताया। पुलिस की टीम के द्वारा वाहन के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपियों ने बाइक चोरी करना स्वीकार किया और बताये कि चारों ने मिलकर कुल 25 नग मोटर सायकल तथा 06 नग सबमर्सिबल पंप को ग्राम नदी चरौदा , कोल्दा तथा ग्राम भुरकोनी बुंदेली एवं अन्य स्थानों से चोरी किए हैं।



### इन जगहों से की गई चोरी

वहीं आरोपियों के द्वारा उक्त मोटर सायकलों को जिला अस्पताल महासमुंद, पंजाब नेशनल बैंक के पीछे, बस स्टैंड महासमुंद, आदित्य अस्पताल के पास, अकालपुरख अस्पताल के पास, ग्राम मुनगासेर, खल्लारी मंदिर महासमुंद के पास, ग्रामीण बैंक पिथौरा के पास अलग-अलग दिनों में चोरी किये है। चोरी किये गये मोटर सायकल को हम लोग बेचने के लिए आपस में बंटवारा किया जिसमें अशफाक को 06 मोटर सायकल तथा कुबेर चंद्राकर को 10 मोटर सायकल, हितेश को 06 नग मोटर सायकल, प्रीतम चक्रधारी को बंटवारे में 03 नग मोटर सायकल और 06 नग सबमर्सिबल पंप बंटवारे में मिला है। आरोपियों के द्वारा मोटर सायकल व 06 नग सबमर्सिबल पंप को आपस में बंटवारा कर घर में छुपाकर रखना बताए।

### रिमांड पर आरोपियों को भेजा जेल

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 25 नग विभिन्न कंपनी के मोटर सायकल एवं 06 नग सबमर्सिबल पंप कुल कीमत 7,00,000 रुपए को जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली महासमुंद में अपराध धारा 303(2) बीएनएस के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

# 3 लाख 90 हजार का गांजा जब्त

## मध्यप्रदेश के दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- आरोपियों के खिलाफ सिंघोड़ा थाने में धारा 20(ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत मामला दर्ज

जिले की पुलिस ने गांजा का अवैध रूप से परिवहन कर रहे मध्यप्रदेश निवासी दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 3 लाख 90 हजार रुपए का 26 किलो गांजा सहित अन्य सामान जब्त किया गया है।

सिंघोड़ा पुलिस ने मामले को लेकर बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति एक सफेद रंग के मारूति सुजुकी स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक एमपी 04 सीजी 9177 में अवैध मनोत्तेजक मादक गांजा रखकर ओडिशा से छत्तीसगढ की ओर आ रहे है। इस सूचना के बाद एनएच 53 रोड ग्राम रेहटीखोल में जाकर नाकाबंदी किया गया। कुछ समय बाद मुखबिर के बताये हुलिए की एक कार वहां आई, जिसमें दो व्यक्ति सवार थे। ये लोग पुलिस को देखकर अपनी गाड़ी को तेज गति से चलाने लगे। जिन्हे पुलिस स्टाफ द्वारा दौड़ाकर पकड़ा गया।

जब आरोपियों से भागने का कारण पूछने पर उन्होंने कार में गांजा होना बताया और उक्त गांजा को बलांगीर ओडिशा से सीहोर मध्यप्रदेश ले जाना बताया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने-अपने नाम धर्मेंद्र मीणा पिता रमेश मीणा (27 साल) दोराहा सिकंदरगंज हाउस नंबर 28 थाना दोराहा जिला सिहोर (मध्यप्रदेश) और विजय सिंग मालवीय पिता पदमन सिंग मालवीय (23 साल) वार्ड नंबर 21 दोराहा जिला सिहोर (मध्यप्रदेश) बताए। कार की तलाशी दौरान पीछे डिक्की में छिपाकर रखे दो नग प्लास्टिक बोरी में 13-13 किलोग्राम कुल 26 किलोग्राम नमीयुक्त अवैध मादक पदार्थ कीमत 3,90,000 रुपए, घटना में प्रयुक्त कार कीमत 2,30,000 रुपए, आरोपियों के कब्जे से मोबाइल बरामद किया गया आरोपियों के खिलाफ सिंघोड़ा थाने में धारा 20(ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तारी की गई।



## दो दंतैलों की सिरपुर क्षेत्र में दस्तक, छह गांवों के लिए हाई अलर्ट

**महासमुंद।** वन विकास निगम के कक्ष क्रमांक 54 में दो दंतैल हाथियों के प्रवेश के बाद छह गांवों के लिए हाई अलर्ट जारी किया है। विभाग की ओर जारी सूचना के अनुसार बीती रात में 2 दतैल हाथियों ने सिरपुर रोड को पार कर वन विकास निगम के कक्ष क्रमांक 54 वन विकास निगम के जंगल में प्रवेश किया है। जिनका वर्तमान लोकेशन कक्ष क्रमांक 54, 131, 132, 126, 127 है। हाथियों के प्रवेश के बाद ग्राम नांदबारू, सुकुलबाय, केशलडीह, खिरशाली, बंदोरा, तालझर के आसपास के ग्रामीणों को हाई अलर्ट किया गया है। साथ ही कोटवार से मुनादी करवा कर किसी को भी जंगल नहीं जाने और हाथी दिखने पर नजदीकी वन कर्मचारी को सूचना देने कहा गया है।

## महुआ बीन रही वृद्धा से बेटे ने मारपीट कर जान से मारने की दी धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम डूमरपाली में महुआ बीन रही एक वृद्धा के साथ उसके बेटे ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मामला खल्लारी थाना क्षेत्र का है। वृद्धा की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि डूमरडीह की लक्ष्मीबाई ठाकुर पति सेवकराम ठाकुर वृद्धावस्था होने से ज्यादा काम काज नहीं करती है। वह अपने मंझले पुत्र भगवान सिंग ठाकुर के साथ रहती है। वह 25 मार्च की सुबह महुआ बीनने के लिए अपने खेत में गई थी। करीबन 8 बजे वृद्धा का छोटा लड़का युवराज ठाकुर आया और मेरे पेड़ के महुआ को क्यों बीन रही हो कहते हुए हाथ में पकड़े लकड़ी के डंडे से मारपीट करने लगा मारपीट करने से महिला के बायें पैर, जांघ, कमर, पीठ, सिर में चोट आई है। इस दौरान आरोपी ने महिला को जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में खल्लारी थाने में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# संजय कानन में 160 जोड़ों का सामूहिक विवाह कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा महिला और बालिकाओं की उत्थान के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं शुरू की गई हैं। जिसका लाभ जरूरतमंद लोगों को पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग गरीब परिवार की कन्याओं का विवाह कराने जा रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने बताया कि 28 मार्च को प्रातः 11 बजे से सामूहिक विवाह का आयोजन महासमुंद के संजय कानन उद्यान में होगा। इस विवाह आयोजन में 160 जोड़े विवाह बंधन में बंधेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े होंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि खाद्य मंत्री एवं प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल, सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा, विधायक बसना डॉ संपत अग्रवाल, विधायक खल्लारी द्वारिकाधीश यादव, विधायक सरायपाली चातुरी नंद, जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा किशन पटेल एवं नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू होंगे। कार्यक्रम का आयोजन नगरीय निकायों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, समस्त सदस्यगण एवं पार्षदगण, जनपद पंचायतों के अध्यक्ष तथा जनप्रतिनिधिगण एवं नागरिक गणों की उपस्थिति में सम्पन्न होगा। राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत गरीब परिवारों की लड़कियों की शादी करवानें के लिए राज्य सरकार द्वारा आर्थिक सहायता के रूप में 50 हजार रुपए का अनुदान सहायता राशि प्रदान की जाती है। इसका मुख्य उद्देश्य गरीब परिवार को लड़की की शादी करने में किसी प्रकार की कोई परेशानी का सामना न करना पड़े और उसे किसी अन्य व्यक्ति पर पूर्ण रूप से निर्भर न रहना पड़े। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि प्रति जोड़ा 50 हजार रुपए का व्यय किया जाएगा। इसमें प्रत्येक कन्या को 35 हजार रुपए की राशि बैंक खाते या बैंक ड्राफ्ट के रूप में दी जाएगी। विवाह आयोजन व्यवस्था और परिवहन पर प्रति कन्या 8 हजार रुपए, इसके साथ ही विवाह के मौके पर वर-वधु के कपड़े, श्रृंगार सामग्री पर 7 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे। छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार/मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजनांतर्गत कार्डधारी परिवारों की 18 वर्ष से अधिक आयु की अधिकतम दो कन्याओं को योजनांतर्गत लाभ दिया जाता है। 50 हजार रुपए की राशि व्यय किए जाने का प्रावधान है।

## कोढ़ा से लोड ट्रक रास्ते से गायब, आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

**महासमुंद।** सरायपाली से कोढ़ा लोड कर रायपुर जाने के लिए निकला ट्रक रास्ते से गायब हो गया। मामले को लेकर सरायपाली के कारोबारी ने वाहन चालक और मोबाइल धारक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ जुर्म दर्ज कराया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी व पिचोपिया एण्ड संस सरायपाली के प्रोपराईटर पवन कुमार अग्रवाल पिता स्व श्रीचंद अग्रवाल (44 वर्ष) ने रिपोर्ट लिखाई है कि उसे रायपुर के भारद्वाज ट्रांसपोर्ट की ओर से फोन किया गया कि आपके पास जो कोढ़ा है उसे भेजे गए गाड़ी क्रमांक सीजी11बीपी8490 में लोड करा देंगे। इसके बाद प्रार्थी ने गाड़ी आने पर पालिस कोढ़ा (19 टन 270 वजन) कीमत 5,54,400 को उसमें लोड कराया। चालक जो 4 मार्च को बलोदिया राईस मिल के गोदाम में आया, समयाभाव के कारण 5 मार्च को माल लोड किया गया। इस दौरान प्रार्थी की चालक से 4 मार्च से 6 मार्च दोपहर 1:30 बजे तक बात हुई, इसके बाद मोबाईल बंद कर दिया एवं उससे कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि अभी न तो उस वाहन का पता है और न ही वाहन ले जाने वाले व्यक्ति की जानकारी मिल पा रही है। मामले में रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक और मोबाइल धारक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 316 (3) के तहत जुर्म दर्ज किया है।

# पटेवा की आंगनबाड़ी में सुपोषण चौपाल का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पटेवा के आंगनबाड़ी केंद्र में सुपोषण चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें यूनिसेफ की कंट्री चीफ (पोषण) मैरी क्लाड, दिल्ली टीम और एम्स रायपुर की टीम ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गर्भवती और धात्री माताओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और स्थानीय समुदाय को पोषण संबंधी जागरुकता प्रदान करना और कुपोषण की रोकथाम सुनिश्चित करना था। चौपाल के दौरान संतुलित आहार, स्तनपान के महत्व, पूरक आहार और एनीमिया की रोकथाम जैसे विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में माताओं और बच्चों के शारीरिक विकास, वजन और पोषण स्तर की समीक्षा की गई तथा उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। यूनिसेफ की कंट्री चीफ मैरी क्लाड ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वे पोषण जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रही हैं। यह दौरा स्थानीय स्तर पर पोषण सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने और समुदाय में सुपोषण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित हुआ। इस तरह के कार्यक्रम समुदाय में कुपोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मददगार साबित होंगे।



## डेटा विजुवलाइजेशन और एआई मॉडलिंग सीखकर छात्र उत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

डेटा विजुलाइजेशन और एआई मॉडलिंग सीखकर छात्र उत्साहित हैं।

कार्यक्रम के सहायक समन्वयक विकास यादव ने बताया कि पांच दिवसीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कार्यशाला के तीसरे दिन एआई कोच अनूप सिंह ने डाटा विजुलाइजेशन, एआई मॉडलिंग, और प्रोजेक्ट सायकल के विभिन्न आयामों को विस्तार से बताया। डेटा एक्विजिशन, डेटा इवेल्यूएशन, तथा एआई मॉडलिंग पर हैंड्स ऑन कार्य अपने अपने लैपटॉप में कर छात्रों ने जाना। डेस्क के जिला संयोजक जगदीश सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि एआई स्किलिंग कैंप में भाग ले रहे विद्यार्थियों के लिए जिला विज्ञान एवं शैक्षिक परिषद की ओर से एस्ट्रोनॉमी और स्काई वाचिंग कार्यक्रम 27 मार्च शाम 6 बजे से रखा गया है। जिसमें परिषद के ब्लॉक संयोजक अजय भोई टेलीस्कोप के माध्यम से खगोलीय घटनाओं का अवलोकन विद्यार्थियों को कराएंगे। आसमान में दिखने वाले विभिन्न ग्रहों को भी देखा जा सकेगा। यह आयोजन शाम 6 बजे से कलेक्टर ऑफिस के सामने पार्क में होगा।

**हाईकोर्ट ने अवैध निर्माण पर लगाई रोक, डायोसिस ऑफ छत्तीसगढ़ की प्रेसवार्ता**

# भाजपा सरकार में कांग्रेसी भूमाफियाओं के संरक्षण पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

डायोसिस ऑफ छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों ने जिला मुख्यालय में आहूत प्रेस वार्ता में कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार होने के बावजूद कांग्रेसी भूमाफियाओं का दबदबा बना हुआ है। कांग्रेसियों के अवैध गतिविधियों पर प्रशासनिक नियंत्रण नहीं दिख रहा है। पिथौरा में राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित छत्तीसगढ़ डायसिस मिशन की करीब 10 करोड़ रुपए की तीन एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा कर किए जा रहे निर्माण के संदर्भ में कहा कि बिलासपुर हाईकोर्ट ने मंगलवार को इस अवैध निर्माण पर रोक लगा दी और आगामी सुनवाई अप्रैल को निर्धारित की है।

छत्तीसगढ़ डायसिस के सचिव एवं पावर ऑफ अटॉर्नी नितिन लॉरेंस ने बताया कि यह जमीन वर्षों से मिशन के अधीन रही। जहां चर्च पास्टर भवन सहित कई सेवा कार्य संचालित हो रहे थे। चंद्रभूषण एलिएल जोसफ नामक व्यक्ति ने इस जमीन पर अवैध कब्जा कर खुद को केयरटेकर घोषित कर दिया। 2019 में एक पादरी की मिलीभगत से इस जमीन को बेचने का प्रयास किया गया जिसके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई थी। 2020 में कोविड के कारण मामले में देरी हुई लेकिन जोसफ ने 2022 में अपने बेटे प्राशील जोसफ के नाम फर्जी दानपत्र तैयार कर रजिस्ट्री करा ली।




### प्रशासनिक मिलीभगत उजागर

पदाधिकारियों ने बताया कि डायसिस द्वारा एडीएम और पुलिस प्रशासन को शिकायत देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। आरोप है कि तहसीलदार और एसडीएम की मिलीभगत से कब्जाधारी को संरक्षण दिया गया। इस दौरान 24 जून को तहसीलदार ने डायसिस की ओर से दायर किए गए केस को खारिज कर दिया जिसके बाद चंद्रभूषण जोसफ ने अपने बेटे को यह जमीन दान कर दी।

### मसीही समाज ने किया विरोध, हाईकोर्ट से मिली मदद

पिछले वर्ष भी मसीही समाज ने इस अवैध कब्जे के खिलाफ पिथौरा में विरोध जुलूस निकाला था जिसके बाद एसडीएम ने मामले पर स्थगन आदेश दिया था। लेकिन प्रशासनिक मिलीभगत के चलते कब्जाधारियों को संरक्षण मिलता रहा। अब बिलासपुर हाईकोर्ट ने इस मामले में हस्तक्षेप कर निर्माण कार्य पर रोक लगा दी है। इन्होनें बताया कि मामले में कांग्रेस से जुड़े कई प्रभावशाली नेताओं की संलिप्तता रही है। जितेंद्र सिन्हा के साथ इस अवैध कब्जे के पीछे कई बड़े कांग्रेस नेताओं का हाथ होने की संभावना है।

### तत्काल कार्रवाई की मांग

छत्तीसगढ़ डायसिस ने भाजपा सरकार से इस अवैध कब्जे की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही प्रशासन को निर्देश देने की अपील की गई है कि इस पवित्र मिशन भूमि को भूमाफियाओं के चंगुल से मुक्त कराया जाए। डायसिस के सदस्यों ने कहा है मामले में संज्ञेय अपराध होने के बावजूद पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज नहीं किया जा रहा है। मामले में जल्द कार्रवाई नही होने पर डायसिस सदस्यों ने एसपी दफ्तर के घेराव की चेतावनी दी है।

### भागवत सुनने आए युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** भागवत कथा सुनने ग्राम भोकलूडीह आए एक युवक के साथ तीन लोगों ने मारपीट कर दी। पुलिस को ग्राम मेमरा निवासी रोशन लाल साव ने बताया कि वह 25 मार्च को अपने परिवार के साथ ग्राम भोकलूडीह भागवत कथा सुनने आया था। वह भोजनालय से खाना खाकर अपने घर वापस जा रहा था। रात करीब 8.30 बजे कमलेश निषाद के घर के सामने आरोपी हिमेश साव, नरेश निषाद एवं कमलेश निषाद ने तुम हमारे गांव में क्यों घूम रहे हो कहते हुए गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर दी। सांकरा थाने में मामले को लेकर धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### खर्रा में मानसगान स्पर्धा 28 से, कलश यात्रा आज

**सिर्री।** ग्राम खर्रा में शिवशंकर मानस परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से राज्यस्तरीय भव्य संगीतमय मानसगान एवं कला प्रतियोगिता का आयोजन 28 से 30 मार्च तक रखा गया है। 27 मार्च को ग्राम नारी के पंडित दानेश्वर शर्मा द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ ही वरिष्ठ ग्रामीणों की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित किया जायेगा। शाम 4 बजे कलशयात्रा निकाली जायेगी। यह जानकारी नरेंद्र ध्रुवंशी ने दी।

### चिंवरी में गायत्री महायज्ञ 28 से

**सिर्री।** ग्राम चिंवरी में गायत्री परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञापुराण कथा का आयोजन 28 से 31 मार्च तक किया गया है। प्रज्ञापुराण वाचक अछोला आरंग निवासी जगदीश प्रसाद साहू होंगे। 28 मार्च को दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक कलशयात्रा निकाली जायेगी। 29 एवं 30 मार्च को 8 से 10 बजे तक हवन होगा। सुबह 10 से 1 बजे तक एवं दोपहर 3 से 6 बजे तक प्रवचन होगा। 31 मार्च को सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक यज्ञ, संस्कार एवं पूर्णाहुति होगी। यह जानकारी चंद्रहास साहू ने दी।

### मौरीकला में कर्मा जयंती एवं वार्षिक सम्मेलन 28 को

**सिर्री।** ग्राम मौरीकला (गुफा) में ग्रामीण साहू समाज के तत्वावधान में ग्रामीण स्तरीय वार्षिक सम्मेलन एवं कर्मा जयंती का आयोजन 28 मार्च को साहू भवन में रखा गया है।



मुख्य अतिथि मालकराम साहू प्रदेश उपाध्यक्ष साहू समाज होंगे। अध्यक्षता गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद एवं गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी करेंगे। विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि होंगे। माता कर्मा की पूजा-अर्चना पश्चात कलशयात्रा सुबह 10 बजे निकाली जायेगी। अतिथियों का स्वागत व उद्बोधन शाम 5 बजे होगा। मनोरंजन के लिए संगी जहुरिया लोककला गम्मत बिलाईडबरी जिला बलौदाबाजार का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। यह जानकारी पवन साहू अधिवक्ता ने दी।

### सर्वाइकल कैंसर वैक्सीनेशन शिविर 4 को

**धमतरी।** माहेश्वरी समाज के तत्वावधान में सर्वाइकल कैंसर वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन 4 अप्रैल को गुप्ता हॉस्पिटल धमतरी में किया जा रहा है। महिलाओं और किशोरियों को रियायती दर पर वैक्सीन उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम संयोजक ने बताया कि यह अभियान महिलाओं के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। शिविर के दिन जागरूकता व्याख्यान भी रखा गया है। इस अवसर पर छग प्रदेश माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष सुरेश मूंदड़ा, रायपुर के प्रसिद्ध नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सतीश राठी एवं धमतरी जिला माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष किशन सारडा उपस्थित रहेंगे। धमतरी माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष राजेंद्र माहेश्वरी एवं सचिव गोविंद गांधी ने अनुरोध किया है कि सर्वाइकल कैंसर विरोधी टीकाकरण का लाभ उठाएं। यह शिविर डॉ सुमित गुप्ता एवं डॉ अनुराधा गुप्ता के मार्गदर्शन में गुप्ता हॉस्पिटल रत्नाबांधा रोड धमतरी में 4 अप्रैल को सुबह 10.30 बजे से 11.30 बजे तक होगा। पंजीयन डॉ. जाजू और रीति झंवर के पास करा सकते हैं। पंजीयन की अंतिम तिथि 30 मार्च है।

### अविकसित शिशु को फेंकने वाले के खिलाफ जुर्म दर्ज

**धमतरी।** तालाब किनारे अविकसित शिशु को फेंकने वाले अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्जकर पुलिस तलाश में जुट गई है। उल्लेखनीय है कि लगभग दो महीने पहले 22 जनवरी की सुबह शहर के जालमपुर वार्ड स्थित दीवान तालाब किनारे पत्थर पर एक 5 से 6 माह का अविकसित शिशु मिलने से हड़कम्प मच गया था। लोगों की भीड़ लग गई थी। एक वार्डवासी की सूचना पर कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। तालाब किनारे एक अविकसित शिशु को लावारिस हालत में पाया गया। शिशु की उम्र लगभग 5 से 6 माह थी। अज्ञात नवजात शिशु लड़का था जो पूर्ण रूप से विकसित नहीं हो पाया था।

---

**कार्यक्रम : माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम, सम्मान एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन**

# माता कर्मा के सेवा भाव और सावित्री फुले द्वारा खोले गए विद्यालय ने दिखाई नई रोशनी: सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय का सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभिन्न विधाओं में उपलब्धि प्राप्त छात्राओं का पुरस्कार वितरण व वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिंहा ने अपने उद्बोधन में माता कर्मा की सेवाभाव, मानव कल्याण के उत्थान और विकास में जीवन समर्पण को याद करते हुए तथा माता सावित्री फूले द्वारा लड़कियों के लिए खोले गए शिक्षा के द्वार ने राष्ट्र को नई दिशा बताया। उन्होंने विकसित भारत तथा समृद्ध छत्तीसगढ़ के विजन को पूर्ण करने में महिलाओं की भागीदारी और नारी सशक्तिकरण के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलाए गए अनेक योजना तथा राज्य सरकार की महतारी वंदन योजना का उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रांत की प्रथम महिला सांसद ममतामयी मिनी माता, माता बहनों के लिए राजनीति में आने की शुरुआती संभावना बनी। विधायक ने महाविद्यालय में टेबल कुर्सी की मांग तथा महाविद्यालय तक सड़क मरम्मत, गर्ल्स हॉस्टल, अतिरिक्त कक्ष निर्माण तथाशीघ्र पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

जनभागीदारी समिति अध्यक्ष प्रलय थिटे ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। जनभागीदारी मद से सीसीटीवी कैमरे, छात्राओं के लिए जरूरी मूलभूत सुविधाओं, पुस्तकालय का पार्टीशन तथा अन्य जरूरी काम पूर्ण करवाने का वादा करते हुए छात्राओं को प्रोत्साहित किया। जनभागीदारी समिति सांसद प्रतिनिधि भामिनी चंद्राकर ने विधायक से आग्रह करते हुए छात्राओं के लिए दो ऑटो रिक्शा बस स्टैंड से महाविद्यालय तक नियमित और निःशुल्क चलवाने की मांग रखी। ग्राम पंचायत के नवनिर्वाचित सरपंच प्रमिला ध्रुव ने छात्राओं परीक्षाओं की अच्छी तैयारी कर महाविद्यालय का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शीलभद्र कुमार ने वार्षिक प्रतिवेदन पेश करते हुए महाविद्यालय की उपलब्धियों तथा समस्याओं से अवगत कराया। शैक्षिक- गैर शैक्षिक स्टॉप, जनभागीदारी मद, अधो संरचना, उपलब्ध सुविधाएं, प्रवेश स्थिति, वार्षिक खेलकूद गतिविधियां, छात्रसंघ, एनईपी का सफल क्रियान्वयन, छात्रवृत्ति, विभिन्न विभागों की वार्षिक गतिविधियों, महाविद्यालय में गर्ल्स हॉस्टल और अतिरिक्त कक्ष निर्माण, पुस्तकालय एन लिस्ट, भूगोल व सूक्ष्म जीव विज्ञान परिषद मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण, एनएसएस, रेड क्रॉस, स्वीकृत रिक्त पदों की जानकारी देते हुए अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में देवीचंद राठी उपाध्यक्ष, पवन पटेल, चंद्रशेखर बेलदार, हरबंस नानू भाई पाषर्दगण नगर पालिका, रमेश साहू अध्यक्ष सहकारी समिति, जनक राम साहू कृषक प्रतिनिधि, राजश्री ठाकुर, वंदना सेन, गीतांजलि ध्रुव, जितेंद्र साहू राकेश साहू, रामेश्वर पटवा, मुन्नालाल साहू गीतांजलि ठाकुर, रानी चंद्राकर तथा पंच व पूर्व पंचगण की उपस्थिति रही।

छात्र संघ अध्यक्ष कावेरी साहू ने विधायक से मूलभूत समस्याओं के निराकरण के लिए मांग पत्र सौंपा। इसमें फर्नीचर की नितांत आवश्यकता, अतिरिक्त अध्ययन कक्ष, पुस्तकों की मांग, प्रयोगशाला सामग्री, निशुल्क परिवहन सुविधा, ऑडिटोरियम सभागार, महाविद्यालय पहुंच सड़क की मरम्मत, डिजिटल कक्षा व संसाधन सुविधा, ग्रीन शेड की मरम्मत तथा माता कर्मा की संस्था प्रांगण में मूर्ति स्थापना को प्रमुखता से रखा। महाविद्यालय में वार्षिक विभिन्न विधाओ, गतिविधियों में प्रतिभागी छात्राओं निकिता मसीह विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस पर भागीदारी, खिलौना गुप्ता विश्वविद्यालय मेरिट सूची में तृतीय स्थान, सत्यवती व चंदा ठाकुर खो -खो स्टेट लेबल, कविता आडवाणी ने एसएस नेशनल कैंप में शानदार सफलता अर्जित की इन्हें मंचासीन अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया।





**विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का किया गया सम्मान**

पुरस्कार वितरण समारोह में एनएसएस कैंप यूथ रेट क्रॉस के उत्कृष्ट छात्रा,खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले, एक भारत श्रेष्ठ भारत निबंध प्रतियोगिता, हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान हीरक जयंती समारोह के प्रतिभागी, छात्र संघ, भूगोल व सूक्ष्म जीव विज्ञान परिषद के पदाधिकारी,एन लिस्ट छात्राओं, विविध सेमिनार प्रतिभागी, भ्रमण रिसर्चर, महाविद्यालयीन मेरिट छात्रों को प्रशस्ति पत्र व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया विभिन्न दायित्व का निर्वहन करते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए डॉ.सरस्वती वर्मा डॉ.श्वेतलाना नागल, प्रोफेसर जगदीश प्रसाद खटकर, ओंकार साहू, अरविंद साहू, खगेश्वर प्रसाद, वंदना यादव, एस आर मन्नाडे, अश्वनी लोधी, लोकनाथ तारक, गुप्तेश नामदेव, चित्रलेखा साहू, उमा साहू, तुलसी साहू तथा ऐश्वर्य साहू व पूजा साहू, अहिल्या, कामिनी, विनोद, मनीष आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम संयोजक ओमप्रकाश पटेल तथा सहसंयोजक डॉ मनोज शर्मा ने संचालन किया। कविता गहिर खेल प्रभारी तथा प्रेरणा एक्का छात्र संघ प्रभारी ने आभार प्रकट किया।

---

## सिद्धि विनायक मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह 3 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड 13 बस्ती



सरायपाली स्थित विनायक विहार कॉलोनी में नवनिर्मित सिद्धि विनायक मंदिर में आगामी 3 अप्रैल को भगवान गणेश की मूर्ति की स्थापना कर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया है।

इस संबंध में विनायक विहार समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि यह समारोह आगामी 03 अप्रैल से 7 अप्रैल 2025 तक आयोजित होगा। 3 अप्रैल को प्रातः कलश यात्रा, मूर्ति आगमन, कलश स्थापना, ब्राम्हण वरण, 4 अप्रैल को मंडपपूजन, जप पूजन, अग्नि स्थापना पंच गव्य स्नान, हरिद्रादिवास, गंधा दिवास, पूजन आरती, 5 अप्रैल को प्रातः मंडपपूजन, हवन आरती, धान्य दिवस, अन्नाधिवास, वस्त्राधिवास, पुण्याधिवास, दुर्वाधिवास, मुदाधिवास, आरती, 6 अप्रैल को प्रातः मण्डपपूजन हवन एवं मूर्ति प्रतिष्ठा, आरती तथा 7 अप्रैल को पूजन शिखर कुलश स्थापना, ध्वजारोहण, जप स्थान, मूर्ति स्थापना, पूर्णाहुति, महाआरती, महाभंडारा का आयोजन किया जाएगा। उक्त सभी प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन यज्ञाचार्य चित्रसेन मिश्रा महाराज के सानिध्य में होगा। समिति द्वारा पूरे 5 दिनों तक भंडार का भी आयोजन रखा गया है। भक्तगणों व श्रद्धालुओं के लिए इस समारोह के दौरान आकर्षन मीना बाजार के साथ ही 3 व 4 अप्रैल को कंस दरबार, 5 को संबलपुर का प्रसिद्ध आरती कुमार का आर्केस्ट्रा , 6 को दंड नृत्य महिला समलेश्वरी व 7 अप्रैल को सम्बलपुरी आर्केस्ट्रा कंठेई (बरगढ़ कलाजिबी) पार्टी का आयोजन किया जाएगा।

## नवनिर्वाचित सरपंचों का अभिमुखीकरण कार्यक्रम



**महासमुंद।** जिले के नवनिर्वाचित सरपंचों का अभिमुखीकरण परिचयात्मक कार्यक्रम जिला पंचायत में 17 मार्च से 27 मार्च तक जारी है। इस दौरान उनके कर्तव्य, अधिकार और अन्य पंचायत विकास योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उप संचालक पंचायत दीप्ति साहू सामने बताया कि अलग-अलग बैच में सरपंचों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें जीपीडीपी, ई ग्राम स्वराज पोर्टल, डीएससी, पंचायत में लगने वाले विभिन्न प्रकार के कर, अभिलेख एवं सरपंच पद के कर्तव्य एवं अधिकार के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। जिन सरपंचों का अभिमुखीकरण कार्यक्रम छूट गया है, वे 27 मार्च को प्रशिक्षण ले सकते हैं। वे जिला पंचायत पहुंचकर प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं।

## जवाहर नवोदय विद्यालय सराईपाली के लिए मोहगांव स्कूल के 14 विद्यार्थी हुए चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2025 में शासकीय प्राथमिक शाला मोहगांव संकुल केंद्र मोहगांव विकास खण्ड पिथौरा के 14 विद्यार्थी चयनित हुए हैं। चयनित विद्यार्थियों में वर्षा साव पिता बीसीकेशन साव, मयंक नायक पिता टोकेश्वर नायक, काव्यांश साहू पिता राधेश्याम साहू, नूतन चौधरी पिता बुद्धदेव चौधरी, अर्णव पटेल पिता मनोज कुमार पटेल, निहाल सिदार पिता पवन कुमार सिदार, ओजस विजय कौशिक पिता विजय कुमार कौशिक, गान्धर्व बसन्त पिता शिवप्रसाद बसंत, डिंपल पटेल पिता मनोहर पटेल, कशिश पटेल पिता लंबोदर पटेल, ओमकार पटेल पिता बसन्त पटेल, दुष्यंत ध्रुव पिता शेषनारायण ध्रुव, नवीन मिर्धा पिता लक्ष्मीकांत मिर्धा, श्रेयांशु यादव पिता सनद कुमार यादव सम्मिलित हैं। प्राथमिक शाला मोहगांव के प्रधान पाठक भोजराज प्रधान पिछले 11 वर्षों से नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा की तैयारी करा रहे हैं। इनके कुशल मार्गदर्शन में कुल 101 विद्यार्थी नवोदय विद्यालय के लिए चयनित हो चुके हैं। प्रधान पाठक भोजराज प्रधान ने बताया कि इन बच्चों के चयन होने का प्रमुख कारण विद्यालय में नियमित मार्गदर्शन के साथ-साथ ऑनलाइन क्लास नियमित टेस्ट परीक्षा तथा बच्चों के कठिन परिश्रम के साथ ही पालकों का उचित सहयोग है। हमारे विद्यालय के सहायक शिक्षक गौरीशंकर पण्डा का विशेष सहयोग रहा है। बड़ी संख्या में बच्चों के चयनित होने पर गाँव के साथ ही पूरे अंचल में हर्ष व्याप्त है। शासकीय प्राथमिक शाला मोहगांव की विशिष्ट उपलब्धि पर संकुल प्राचार्य जे कुमार, संकुल समन्वयक अंजय कश्यप, विकासखंड शिक्षा अधिकारी केके ठाकुर, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक नरेश पटेल, ग्राम पंचायत मोहगांव के सरपंच विजय बारीक, उपसरपंच रुक्मिणी हेमन्त पटेल, पंच यशवंत बारीक, मोहन साहू, डोलामणी प्रधान, रोहित प्रधान अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति मोहगांव, सदस्य धुबेइलाल बढ़ाई, भोजराज नायक, रत्नाकर प्रधान, प्रणव प्रधान, टिकमलाल प्रधान सुकर्ण बारीक सहित समस्त ग्रामीणों पालकों और विद्यालय के शिक्षक गौरीशंकर पण्डा, रेखा प्रधान, कविता बढ़ाई, अंकिता साहू सहित पूर्व माध्यमिक शाला और हाईस्कूल के समस्त शिक्षकों ने हर्ष जताया है।



## गांजा बेचने वालों को 6-6 माह की जेल

**धमतरी।** धमतरी पुलिस ने गांजा बेचने वाले दो व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की है। ज्ञात हो कि पुलिस द्वारा नशा उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में धमतरी पुलिस ने गांजा बेचने वाले आदतन अपराधियों करण धुरी पिता स्व. हिंछाराम ध्रुव उम्र 59 वर्ष निवासी महंत घासीदास वार्ड धमतरी जिला धमतरी छग तथा उषा धुरी पति करण धुरी उम्र 45 वर्ष निवासी महंत घासीदास वार्ड धमतरीजिला धमतरी छग के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की। दोनों आरोपियों के विरुद्ध स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी अवैध व्यापार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 10 के तहत न्यायालय आयुक्त रायपुर संभाग द्वारा आरोपियों के बार-बार गांजा बेचने के विरुद्ध धमतरी पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही के आधार पर रिकॉर्ड की जांच पर सत्यता पाए जाने पर दोनों आरोपियों को 6-6 माह के लिए जेल भेजने का आदेश पारित किया।

## पेंशनधारी कल्याण तहसील संघ शाखा बागबाहरा की हुई बैठक

**महासमुंद।** छग पेंशनधारी कल्याण तहसील संघ शाखा बागबाहरा की बैठक एवं होली मिलन तेंदूकोना में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक गिरि गोस्वामी रहे। अध्यक्षता हिराधर सोम ने की। कार्यक्रम का संचालन रूपेश तिवारी ने किया। इस मौके पर 80 वर्ष से ऊपर वाले पेंशनरों का शाल, श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। जिसमें सर्व हीराधर सोम, भाइराम यादव, रामजी प्रसाद पांडेय, आर. बैपारी को सम्मानित किया गया। नया सदस्य उमेद सिह, देवकुमारी, खेदूराम बरिहा का भी सम्मान किया गया। माह मार्च में जन्म दिवस होने पर गोपान ठाकुर, रामजी प्रसाद, भीम ठाकुर को बधाई दी गई। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अशोक गिरी गोस्वामी ने संगठन की मजबूती एवं पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण की जानकारी दी। पश्चात तहसिल शाखा बागबाहरा का वर्तमान अध्यक्ष द्वारा तहसील इकाई का पुनर्गठन का प्रस्ताव रखा। जिसका उपस्थित सभी सदस्यों ने समर्थन किया। जिसमें सर्व सम्मति से थानसिंह ठाकुर को अध्यक्ष, उमराव सिंह ध्रुव सचिव एव कुंजलाल दीवान को कोषाध्यक्ष, खेदूराम बरिहा को उपाध्यक्ष मनोनित किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से अशोक गिरी गोस्वामी, हीराधर सोम, रूपेश तिवारी, भुलऊ साहू, रामजी पांडे, कल्याण सिंह बरिहा, बालाराम ध्रुव, बंशीलाल चंद्राकर समेत बड़ी संख्या में पेंशनरगण आदि मौजूद रहे।



**तुमगांव में हुई भाजपाइयों की बैठक**

**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी तुमगांव मंडल का प्रथम बैठक तुमगांव में रखा गया था। जिसमें बैठक प्रभारी मोनिका साहू जिला उपाध्यक्ष भाजपा, राकेश चंद्राकर प्रदेश अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा, तेजेंद्र शर्मा मंडल अध्यक्ष तुमगांव, सावित्री निर्मलकर नपाध्यक्ष तुमगांव, राहुल चंद्राकर भाजपा नेता, योगेश्वर चंद्राकर, द्रोणाचार्य साहू, कमलेश निषाद, पोषण निर्मलकर, तुलश साहू, भुनेश्वर साहू, नानक चंद ठाकुर, विजय साहू, राकेश धीवर, उत्तम निर्मलकर, राजेंद्र निर्मलकर, दुकालू ध्रुव, धनेश्वरी साहू, ललित निषाद, आसकरण सोनवानी, नरेंद्र साहू, मानिक सोनवानी, देवराज साहू, भुनेश्वर ध्रुव आदि उपस्थित थे। बैठक में आगामी 30 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर चर्चा की गई।

## हेरोइन बेचने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



सिटी पार्क के पास मादक पदार्थ हेरोइन बेचने का प्रयास कर रहे तीन आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

मंगलवार को सिटी कोतवाली पुलिस को मुखबीर से विंध्यवासिनी वार्ड के सिटी पार्क के पास कुछ युवकों द्वारा अवैध मादक पदार्थ हेरोइन चिट्टा की बिक्री किए जाने की सूचना मिली। पुलिस तत्काल सिटी पार्क के पास पहुंच घेराबंदी कर सूरज उर्फ श्रवण रजक पिता गजानंद उम्र 29 वर्ष निवासी बजरंग चौक नवापारा वार्ड धमतरी, लवली उर्फ अभिनव तिवारी पिता विद्यासागर उम्र 35 वर्ष गौराचौरा के पास आमातालाब रोड निवासी व राहुल निर्मलकर उर्फ सिन्कू पिता रोहित उम्र 26 वर्ष इंद्रानगर धमतरी निवासी को पकड़कर उसके कब्जे से प्लास्टिक झिल्ली में बंधा हुआ हेरोइन चिट्टा को बरामद किया। इसका वजन पालीथिन सहित 1 ग्राम कीमत 10 हजार रूपए है। आरोपियों से 3 नग मोबाइल फोन कीमत 30 हजार रुपए बरामद किया गया। पुलिस ने हेरोइन चिट्टा व तीन नग मोबाइल जब्त कर आरोपी सूरज उर्फ श्रवण रजक, लवली उर्फ अभिनव तिवारी व राहुल निर्मलकर उर्फ सिन्कू को धारा 21/ए एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

## ड्रेनेज सिस्टम दुरुस्त करने व्यवस्थित से बनेंगी नालियां, 150 जगहों पर वाटर हार्वेस्टिंग

**विशेषज्ञों से सलाह ली जाएगी, पूरे शहर का किया जायेगा सर्वे : महापौर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बारिश शुरु होते ही शहर के 20 वार्ड जलमग्न हो जाते हैं। अनवरत बारिश से पानी जाम रहता है जिसकी वजह से आम आदमी परेशान रहता है। मकानों के टूटने का डर सताता है। यातायात, आवागमन बाधित रहता है। शहर में विगत 50 वर्षों से ड्रेनेज सिस्टम नहीं सुधारा गया है। आबादी बढ़ने के साथ शहर के क्षेत्रफल में वृद्धि हुई है। नालियों का सिस्टम दशकों पुराना है। नाला और नालियों में अतिक्रमण हो गया है। प्राकृतिक निकासी के सभी रास्ते बंद हो गए हैं। शहर के आसपास खेतों में 100 से अधिक कालोनियां बन गई हैं। पानी जाम होने से शहर डूबने लगता है। पिछली सरकारों ने सिर्फ वायदे किए लेकिन ड्रेनेज सिस्टम नहीं सुधार पाए।



निगम के नवनिर्वाचित महापौर रामू रोहरा ने बताया कि शहर के ड्रेनेज सिस्टम को सुधारने सबसे पहले नाली और नाला को व्यवस्थित ढंग से बनाया जाएगा। इसके लिए विशेषज्ञों से सलाह ली जाएगी। पूरे शहर का सर्वे होगा। जलभराव वाले क्षेत्रों को चिन्हांकित कर उस पर स्पेशल फोकस किया जाएगा। महापौर ने बताया कि इसके अलावा शहर को डूबने से बचाने अन्य उपाय किए जाएंगे। बाहर के चिन्हांकित स्थानों में वाहर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया जाएगा जिसकी संख्या वर्तमान में करीब 150 होगी। 50-50 की किस्तों में जलमग्न क्षेत्रों में लगाया जाएगा ताकि बारिश का पानी सीधे भू-गर्भ में चला जाए। सिस्टम बनाने निगम में अधिकारी कर्मचारी जल्द ही सर्वे करेंगे। शहर के आमापारा, देवश्री टाकिज रोड, शिवचौक, बनियापारा, रामपुर, गोकुलपुर, बस्तर रोड, पीडी नाला, बठेना, बांसपारा नाचन कालोनी, रूद्री रोड की कालोनियां, सोरिद, जोधापुर आदि ऐसे स्थान हैं जहां सिस्टम से नालियां बनाने के अलावा वाटर हार्वेस्टिंग बनाने सर्वे किया जाएगा। इस सिस्टम से कुछ बरसाती पानी नालियों से बाहर निकल जाएगा। शेष बरसाती पानी वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम जरिए धरती के अंदर समा जाएगा।

**खबर संक्षेप**

### वार्ड 25 में कर्मा जयंती

**महासमुंद।** स्थानीय वार्ड नंबर 25 में कर्मा जयंती उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस दौरान वार्ड पार्षद व भाजपा पिछड़ा वर्ग के जिला उपाध्यक्ष भाउराम साहू और नागरिकों ने मां कर्मा की पूजा अर्चना कर एक दूसरे को कर्मा जयंती की बधाई दी। आरती पूजा उपरांत खिचड़ी, खीर पूड़ी का प्रसाद वितरण किया गया।

### नववर्ष एवं श्रीराम नवमी पर विधायक कार्यालय में होगा भगवा ध्वज वितरण

**महासमुंद।** आगामी हिंदू नववर्ष एवं श्री राम नवमी के उपलक्ष्य में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा भगवा ध्वज का वितरण किया जाएगा। ध्वज वितरण बीटीआई रोड स्थित विधायक कार्यालय से किया जाएगा। इसके लिए 29 मार्च और 30 मार्च का दिन तय किया गया है। विधायक श्री सिन्हा ने आमजनों से नववर्ष के दिन अपने घरों में भगवा ध्वज लगाने की अपील की है। बता दें कि 30 मार्च दिन रविवार को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि के साथ विक्रम संवत 2082 प्रारंभ हो रहा है। साथ ही चैत्र नवरात्रि की शुरुआत भी हो रही है। इसके बाद 06 अप्रैल को श्रीराम नवमी का पर्व है, इसलिए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा आमजनों में भगवा ध्वज का वितरण किया जाएगा।

### मचेवा में कर्मा जयंती मनाई

**महासमुंद।** ग्राम मचेवा में कर्मा जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि पूर्व संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन व पूर्व विधायक महासमुंद विनोद सेवन लाल चन्द्राकर रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत मचेवा के सरपंच प्रमिला ध्रुव एवं पंचायत के समस्त पदाधिकारी तथा साहू समाज के ग्रामीण अध्यक्ष महेन्द्र साहू व गणमान्य नागरिक सुखदेव साहू, भुवन लाल साहू, जगदीश साहू, निरंजन साहू, शिव कुमार साहू, किशन देवांगन, जनकराम साहू, तोगेश साहू, सीताराम साहू एवं भारी संख्या में साहू समाज के महिला पुरूष उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन किशन लाल साहू ने किया।

# केंद्रीय एजेंसियों का लगातार दुरुपयोग कर मजबूत विपक्षी नेताओं को बदनाम करवाना चाहती है भाजपा : अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि ज़ब जब कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन होने वाला रहता है तब-तब छापे पड़ते हैं औऱ मुख्य बात वर्तमान डबल इंजन सरकार में घोटाले और बेरोजगारी और मंहगाई के खिलाफ कोई बात नहीं हो रही और ऊपर से 30 मार्च को मोदी आ रहे हैं तो उनके भाषण के लिए लाइनें दी जा रही है कि देखो हमने छापा मारा। पहले भूपेश बघेल ने 18 लाख आवास का मुद्दा विधानसभा में उठाया, तब छापा पड़ा। कल भाजपा मुख्यमंत्री के गृह जिले जशपुर में गरीबों को चावल नहीं मिल पा रहा है का मुद्दा उठाया और आज सीबीआई की रेड हुई। जबकि भूपेश बघेल को आज बैठक में दिल्ली जाना था। सबसे ज्यादा आफत सीबीआई की विशेष अदालत ने सीडी कांड में उनके नाम को चलने के लायक़ भी नहीं माना था और डिस्चार्ज कर दिया था, तब से भाजपा और केंद्रीय एजेंसियां कुछ नया करना चाह रहे थे। ऊपर से जब से पंजाब प्रभारी बने है तब से और समस्या में है।



भूपेश बघेल की संगठन क्षमता के कारण हिमाचल, कर्नाटक, असम, उत्तरप्रदेश में प्रभावी परिणाम मिले थे। जिसके कारण उनको पंजाब का प्रभारी बनाया गया और 2027 में होने वाले पंजाब चुनाव को लेकर उनकी शुरू हुई मेहनत से भाजपा पार्टी अभी से घबराई है और पंजाब इकाई से प्राप्त सूचनाओं पर भूपेश बघेल को पंजाब जाने से रोकना चाहती है। ऐसा लगता है ईडी और सीबीआई में भी गुटबाजी है, क्योंकि जिस मामले में इडी जांच कर चुकी उसी मामले में सीबीआई का आना समझ से परे है। उदाहरण के तौर पर अंकित ने बताया विनोद वर्मा के यहां इसी मामले में ईडी जांच कर चुकी है उसी में सीबीआई वालों का पुनः छापा मारना समझ से परे हैं ,अंकित ने कहा कि दिल्ली राजधानी मुख्यालय में नोटों से भरी बोरियां मिल रही है, वहां आईटी सीबीआई ईडी नहीं गई। भाजपा की लोकसभा सांसद महासमुंद लोकसभा में रेत के अवैध उत्खनन का मामला उठा रहा है, प्रदेश के गृहमंत्री के क्षेत्र में दूसरे प्रदेश की शराब की स्मगलिंग पकड़ा रही है, और आज पूरे देश में प्रदेश में ऑनलाइन सट्टा चल रहा है उस पर क्या कार्रवाई चल रही है, महादेव एप के मुख्य आरोपी के यहां प्रवचन कर महाराज प्रदीप मिश्रा अब जशपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आतिथ्य में प्रवचन कर रहे है तो आख़िर ये रिश्ता क्या कहलाता हैं? अंकित ने बताया कि महादेव एप के ख़िलाफ़ सबसे ज़्यादा एफआईआर दर्ज की थी, गूगल प्ले स्टोर से हटवाया था, और लगातार कार्रवाई चल रही थी, इस सरकार में ऐसा कुछ नहीं हो रहा, जिससे लगे की ये ऑनलाइन सट्टा बंद करवाना चाहते हैं। ऐसे में अंकित ने कहा कि यदि रेत का अवैध उत्खनन चल रहा है, शराब की बिक्री अवैधानिक हो रही है, ऑनलाइन सट्टा चालू है तो इससे होने वाली अवैधानिक कमाई का पैसा कहां जा रहा है। एक सच ये भी है कि उपलब्ध जानकारी के आधार पर, 2014 के बाद से लगभग 25 विपक्षी नेताओं के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) या सीबीआई की जांच शुरू हुई थी और ये नेता बाद में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। इनमें से अधिकांश, यानी करीब 23 नेताओं को जांच में राहत मिली या तो उनके मामले बंद हो गए या आगे की कार्रवाई रुक गई। और वो भाजपा में केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री, मंत्री जैसे पदों में मजे ले रहे हैं। केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग की जितनी निंदा की जाए कम है। साथ ही अंकित ने कहा कि कांग्रेस परिवार संगठन सांसद, और विधायकगण पूर्व मुख्यमंत्री के साथ है और केंद्र की जोर जबरदस्ती से घबराने वाले नहीं हैं।

## कांपा में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ सैकड़ों ग्रामीणों ने निकाली जागरुकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बसना के शराब दुकान को बिरकोनी में स्थानांतरित करने के विरोध के बाद ग्राम पंचायत कांपा में खोलने को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। वही प्रस्ताव के खिलाफ ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। वही ग्राम कांपा में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ सरपंच विकास चंद्राकर, उपसरपंच अनूपा यादव, पूर्व सरपंच गजानंद साहू, वरिष्ठ नेता मोती साहू, चैनू साहू के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकालकर नारे बाजी किया।

इस दौरान तुमगांव थाना प्रभारी हितेश जंघेल ने सभी अवैध बिक्री करने वाले को समझाइश दी। इस अभियान के तहत अवैध शराब बिक्री करने वालों के पास जाकर, अवैध शराब बिक्री बंद करने की समझाइश दी। जागरुकता रैली ग्राम पंचायत भवन से भाठापारा, बस स्टैंड और क्षेत्र के सभी होटल ढाबों में जाकर नारेबाजी की। थाना प्रभारी ने कहा कि अवैध शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। होटल, ढाबों, ठेला, दुकान व चौक चौराहे में कोई भी व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेचते पाया गया तो उसके खिलाफ तुंत कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने बताया कि भाठापारा के आसपास दुकानों व होटलों व कांपा चौक व खट्टीडीह रोड के पास शाम से देर रात तक असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। यहां खुलेआम अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से की जाती है।

इस अवसर पर राधिका सोनी, हीरा साहू ,अश्वनी सोनी, प्रमिला साहू, बुधवंतिन जांगड़े, अनूपा यादव, कौशिल्या गायकवाड़, लखन खंडेलवाल, टाकेश्वर बंजारे, गुमानदास जांगड़े, कुलेश्वरी साहू, कुबेर युगर, टेमन चंद्राकर, पीतांबर साहू, गायत्री चंद्राकर, बबिता यादव, हुमेश्वरी चंद्राकर, नरसिंग यादव, प्रहलाद सोनी, जितेंद्र चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

# पंच से लेकर प्रधानमंत्री तक हो भाजपा के प्रतिनिधि : प्रदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बिलासपुर आगमन 30 मार्च को होने जा रहा है। जिसकी तैयारियों को लेकर भाजपा शहर मंडल की आवश्यक बैठक जिला भाजपा कार्यालय में जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, वरिष्ठ भाजपा नेता माधव टांकसाले, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, महामंत्री प्रकाश शर्मा की उपस्थिति में हुई।

मंडल बैठक की प्रस्तावना रखते हुए अध्यक्ष महेंद्र सिका ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन 30 मार्च को बिलासपुर संभाग के बिल्हा क्षेत्र में जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह कार्यक्रम में होने जा रहा है। शहर मंडल के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति सुनिश्चित यह बैठक आयोजित है। बैठक के मुख्य वक्ता भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम के संदर्भ में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा को निगम, निकाय और त्रिस्तरीय पंचायतीराज के चुनावों में मिली और सर्वाधिक रूप से भाजपा समर्थित प्रत्याशियों के विजयी होने पर सभी का सम्मान और धन्यवाद ज्ञापित करने देश के नेतृत्वकर्ता प्रधानमंत्री मोदी का छत्तीसगढ़ आगमन हम सभी का परम सौभाग्य है।



जिला महामंत्री प्रदीप ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रदेश में मिली भाजपा की इस ऐतहासिक सफलता में संगठन के नेतृत्वकर्ताओं और सभी कार्यकर्ताओं का अहम योगदान है। जिनके अथक परिश्रम से पहले विधानसभा चुनानों में सर्वाधिक 54 सीट जीतकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी। बाद में लोकसभा के चुनावों में 11 में से 10 सीटों पर भाजपा के सांसद चुने गए। डबल इंजन की सरकार की ताकत बढ़ाने अब तीसरे इंजन के रूप में कार्यकर्ताओं की सरकार बनी है और स्थानीय चुनावों में भी भाजपा को भारी जनादेश मिला है। प्रधानमंत्री और भाजपा के शीर्ष संगठन की कार्यशैली और विचारधारा पंच से लेकर प्रधानमंत्री तक का जनप्रतिनिधि भाजपा समर्थित कार्यकर्ता हो, पंचायत से लेकर लोकसभा तक के सदन में भाजपा की सुशासन का नेतृत्व हो इस संकल्प से हमें कार्य और अपना लक्ष्य प्राप्त करना है। मंडल महामंत्री प्रकाश शर्मा ने कहा कि हम सब छत्तीसगढ़वासियों के लिये यह गौरव की बात है कि छत्तीसगढ़ की रजत जयंती वर्ष में अभी राष्ट्रपति द्रोपती मुर्मू के आगमन पश्चात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन हो रहा है। आमतौर पर चुनावों में प्रचार सभा सम्मेलन का आयोजन होता आया है। परंतु, कार्यकर्ताओं को मिली जीत का सम्मान करने देश के प्रधानमंत्री खुद यहां आएंगे, वो सभी जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं के लिये गर्व और गौरवशाली यादगार अविस्मरणीय पल होगा। शहर मंडल के पदाधिकारियों द्वारा 30 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ आगमन की तैयारियों पर विस्तार से मार्गदर्शन देते हुए बूथ, शक्ति केंद्र और वार्डवार कार्यकर्ताओं की उपस्थिती सुनिश्चित करने जवाबदारी दी गई। बैठक का संचालन मंडल कोषाध्यक्ष हनीश बग्गा और आभार मंडल महामंत्री एमआर विश्वनाथन ने किया।

इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी गोपाल वर्मा, पार्षद गण शुभ्रा मनीष शर्मा, प्रीति बादल मक्कड़, सीता तोड़ेकर, सुनैना पप्पू ठाकुर, कल्पना सूर्यवंशी, माधुरी यदु, पीयूष साहू, माखन पटेल, शंकर चंद्राकर, फागुआ पटेल, हिमांशु मधु यादव, भगवती करकेस, हिरेंद्र सोनी, ललित मांझी, पंकज कचना चंद्राकर आदि मौजूद रहे।



## जनप्रतिनिधियों ने की भाजपा जिलाध्यक्ष से मुलाकात

**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष येतराम साहू के निवास पहुंच कर सौजन्य मुलाकात कर गुलदस्ता भेंट किया। इस दौरान नगर पंचायत तुमगांव के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष सावित्री उत्तम निर्मलकर एवं पार्षद धनेश्वरी रोशन साहू, राकेश धीवर, भारती टंडन, भुनेश्वर साहू, फत्तेलाल निर्मलकर, ढुकालू ध्रुव, उत्तम निर्मलकर, समाजसेवी कुलदीप साहू, द्रोणा साहू आदि उपस्थित रहे।




## शेर में हुआ जल शपथ समारोह

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत शेर में जल शपथ समारोह कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में सरपंच अनिता हरेंद साहू, उपसरपंच भारती ताराचंद साहू, पंच धनिता टेमन साहू, किरण ओमकुमार साहू, देवला कुंजलाल, लक्ष्मी आलखू निषाद, बिहान योजना समूह के सदस्य फलिता साहू, टेमीन साहू, संगीता साहू, मीना साहू, दूरपत ध्रुव, कैलाशदास, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा साहू, सहायिका सावित्री साहू, प्रेमलता साहू, सुनीता साहू आदि मौजूद रहे।

## अष्टप्रहरी हरिनाम संकीर्तन महायज्ञ में शामिल हुए विधायक



**बसना।** नगर के वार्ड क्रमांक 13 टिकरापारा में लगातार 3 वर्षों से सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए चैतन्य महाप्रभु के अष्टप्रहरी हरिनाम संकीर्तन महायज्ञ का आयोजन श्रीराधा कृष्ण माधव समिति टिकरापारा के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में विधायक डॉ.संपत अग्रवाल शामिल हुए। उन्होंने विधिवत पूजा अर्चना कर वार्ड एवं क्षेत्र की सुख, समृद्धि, विकास और खुशहाली की कामना की।

अष्टप्रहरी हरिनाम संकीर्तन आदि अनादि काल से पूर्वजों रीति रिवाजों से चलता आ रहा है। हरे कृष्ण, हरे राम नाम तन मन को प्रफुल्लित कर देने वाले हरिनाम है। अष्टप्रहरी हरिनाम संकिर्तन महायज्ञ में दर्जनों किर्तन मण्डलीय शामिल होकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि सोलह नामों तथा बत्तीस वर्णों से युक्त महामंत्र का कीर्तन ही कलियुग में जीवों के उद्धार का एकमात्र उपाय है। कलियुग में केवल हरिनाम से ही उद्धार हो सकता है। कलियुग में इस महामंत्र का संकीर्तन करने मात्र से प्राणी मुक्ति के अधिकारी बन सकते हैं। कलियुग में भगवान की प्राप्ति का सबसे सरल किंतु प्रबल साधन उनका नाम-जप ही बताया गया है। श्रीमद्भागवत पुराणों का कथन है। यद्यपि कलियुग दोषों का भंडार है तथापि इसमें एक बहुत बडा सद्गुण यह है कि सतयुग में भगवान के ध्यान (तप) द्वारा, त्रेतायुग में यज्ञ-अनुष्ठान द्वारा, द्वापरयुग में पूजा-अर्चना से जो फल मिलता था, कलियुग में वह पुण्यफल श्रीहरिके नाम-संकीर्तन मात्र से ही प्राप्त हो जाता है। इस अवसर जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, विधानसभा संयोजक डॉ एनके अग्रवाल, विधायक कार्यालय प्रभारी एवं जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा, वार्ड पार्षद राकेश डड़सेना, रामचंद्र अग्रवाल सहित श्रीराधा कृष्ण माधव समिति के पदाधिकारी, सदस्य गण एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

# वृंदावन स्कूल में मनाई गई माता कर्मा जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय वृंदावन विद्यालय भक्त माता कर्मा जयंती की मनाई गई। भक्त माता कर्मा जयंती विशेष रूप से साहू समाज के ईष्ट देव के रूप में माना जाता हैं। ऐसी मान्यता है कि मां कर्मा भगवान कृष्ण की अनन्य भक्त थी। भगवान कृष्ण को सर्वप्रथम भोग लगाया करती थी, इस कारण उन्हें कृष्ण भक्त के नाम से भी जानते हैं। वृंदावन विद्यालय की संचालिका सुजाता विश्वनाथन ने जीवन में श्रद्धा भक्ति, सकारात्मक सोच और सुखः दुःख को भगवान को चरणों में अर्पण कर, नित्य कर्म करने की प्रेरणा दी हैं। इसी कड़ी में विद्यालय के शिक्षक प्रवीण साहू ने भक्त माता कर्मा के विषय में एक अनूठा और मनमोहक कथा के विषय से अवगत कराया। साथ ही वरिष्ठ शिक्षिका रेखा साहू ने भी एक मनमोहक कथा सुनाकर एक अभूतपूर्व अनुभव की अनुभूति कराई। विद्यालय की उपप्राचार्य इंदु मिश्रा ने भक्त माता कर्मा से जुड़ी एक प्राचीनतम घटनाक्रम से अवगत कराया।



कार्यक्रम में विद्यालय की समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं अमृता चंद्राकर, उर्मिला अग्निहोत्री, रेखा साहू, जागृति साहू, संध्या सोना, दामिनी वैष्णव, सुषमा साहू, चंदना सोनी, नीरू मांझी, सुमन साहू, यशवंत घृतलहरे, प्रवीण साहू, रिंकी कुर्रे, वर्षा चंद्राकर, एम रजनी, साधना राठौर, भूमिका वर्मा, मोनिषा बावनकर, शुभ्रा अग्रवाल, सविता ढीढी, नंदिनी साहू, अंशु यादव, हीरा साहू, स्वाति ठाकुर, एकता राठी, कमलेश नागवंशी एवं लक्ष्मी नारायण साहू उपस्थित रहे।



## जवाहर नवोदय के लिए छात्र युवराज का चयन

**महासमुंद।** बागबाहरा ब्लाक के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला बोकरामुड़ा कला में कक्षा पांचवी के छात्र युवराज बरिहा का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा सत्र 2025-26 में कक्षा 6वी में प्रवेश के लिए हुआ है। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर युवराज बरिहा का मुंह मीठा किया गया। साथ ही छात्र युवराज के माता पिता का भी सम्मान किया गया। इस उपलब्धि पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र ध्रुव, उपाध्यक्ष दीपक बरिहा, प्रधानपाठक डोमार दास वैष्णव, कक्षा शिक्षक रतनू बरिहा, शिक्षकगण दीपक सिंह ठाकुर, सत्येंद्र कुमार साहू, लोचन सिंह साहू आदि ने हर्ष जताया है।

# खैरा में मनाई गई माता कर्मा की जयंती, शोभायात्रा भी निकाली गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम खैरा में संत शिरोमणि भक्त कर्मा माता की जयंती का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महासमुंद नगर पालिका अध्यक्ष निखिल कांत साहू थे। विशेष अतिथि में जनपद पंचायत सदस्य महेंद्र साहू, राकेश चंद्राकर तथा ग्राम के सरपंच प्रांशु चंद्राकर थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा मां कर्मा बाई की छायाचित्रों पर पुष्पमाला एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

ग्राम खैरा में मां कर्मा बाई की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। मां कर्मा देवी जयंती पर गांव में साहू समाज द्वारा विशाल शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा गांव का भ्रमण किया गया। इस शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। इस शोभायात्रा का समाज के लोगों के साथ अन्य समाज के लोगों ने भी स्वागत किया है। शोभायात्रा में गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में पीले वस्त्रों में सजी 60 महिलाएं तथा युवतियां सिर पर कलश रखकर शामिल हुई। शोभायात्रा में भगवान की सजीव झांकी आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में अन्य समाज की महिलाएं एवं युवतियां भी शामिल हुई। शोभायात्रा के पश्चात प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की उद्बोधन में महासमुंद नगर पालिका के अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि भक्त कर्मा माता भगवान कृष्ण की भक्ति लीन रहती थी। वह रोज भगवान को खिचड़ी का भोग लगती थी और भगवान उनके हाथ से खिचड़ी खाने आते थे। शिक्षक भूषण साहू ने कहा कि करीब एक



हजार वर्ष पूर्व विक्रम संवत 1073 में पाप मोचनी एकादशी चैत माह कृष्ण पक्ष की एकादशी को झांसी उत्तरप्रदेश के रहने वाले राम शाह तेल व्यापारी के यहां हुआ। वे समाज सुधारक, धर्मात्मा और परोपकारी थे। विदेश में उन्हें भगवान का उपासक बताया गया। समाज के वरिष्ठ सदस्य आसाराम साहू ने कहा कि मां कर्मा की जीवन से आत्म बल, निर्भीकता, साहस, पुरुषार्थ, समानता और राष्ट्र भावना की शिक्षा मिलती है। वे अन्याय के आगे नहीं झुकी। संसार की हर दुख-सुख को स्वीकारा और डटकर उसका मुकाबला किया। उन्होंने कहा कि गृहस्थ जीवन, संपन्नता के साथ जीवन यापन कर नारी जाति का सम्मान बढ़ाया। भक्ति से साक्षात कृष्ण के दर्शन किए। कार्यक्रम का मंच संचालन भुनेश्वर साहू ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में आशा राम साहू, पूरन साहू, कृष्ण कुमार साहू, लोमस साहू, लेख राम साहू, महेंद्र साहू, गोपी साहू, चंद्रकांत साहू, अमित साहू, रोहित साहू, निरंजन साहू, पुरुषोत्तम साहू, गुनेंद्र साहू, मनीष साहू, चालेश साहू, पप्पू साहू, विमल साहू, कमल साहू, झलेंद्र साहू, जितेंद्र सेन, राजू बांसवार, ढेलू राम कन्नौजे, ओम प्रकाश वैष्णव, दामिनी साहू, दुलारी साहू, गीता साहू, कौशल्या साहू, केशनी साहू, पद्मिनी साहू, जानकी साहू, तारा साहू, विमला साहू, चित्ररेखा साहू, कांति साहू, खुशबू साहू, सोनम साहू, लीना साहू, प्रेमीन साहू, काजल साहू, प्रमिला साहू, ममता साहू, आसीन साहू, दिव्या साहू, दुर्गा ध्रुव, नर्मदा ध्रुव, रामायण ध्रुव, फुलेश्वरी चंद्राकर आदि उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी साहू समाज के सदस्य कृष्ण कुमार साहू ने दी है।

## तालाब मेड़ पर बनेगा सीसी रोड, वार्डवासियों को मिलेगी कीचड़ से मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वार्ड क्रमांक 24 सरस्वती राइस मिल के पीछे स्थित तालाब के मेड पर सीसी रोड, आरसीसी स्लैब तथा तालाब किनारे से नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू द्वारा किया गया।



ज्ञातव्य है कि तालाब के मेड़ पर बारिश के दिनों में कीचड़ हो जाता है, जिससे वार्डवासियों को निस्तारी समस्या का सामना करना पड़ता है। मेड़ पर कन्हार मिट्टी होने के कारण चलना कठिन हो जाता है। जिसे वार्डवासियों की मांग पर सीसी सड़क बनाने आज नपाध्यक्ष ने भूमिपूजन किया। इसके अलावा आरसीसी स्लैब व नाली निर्माण के लिए भी अध्यक्ष ने भूमिपूजन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, वार्ड पार्षद पवन पटेल, पार्षद गुलशन साहू, नीरज चंद्राकर, कमला सूर्यवंशी, रिंकू चंद्राकर एवं मोहल्ले वासी उपस्थित थे।

# रूढ़ीवाद को त्याग कर आगे बढ़ रहा साहू समाज : विनोद

**महासमुंद।** ग्राम मचेवा में 25 मार्च को संत माता कर्मा जयंती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व पूर्व विधायक महासमुंद शामिल हुए।

इस अवसर पर ग्राम मचेवा के साहू समाज द्वारा संगीतमय रामायण कार्यक्रम भी रखा गया था। जिसमें मानस मंडली द्वारा श्रीराम चरित मानस पाठ के प्रमुख चौपाई व भगवान श्रीराम के कथाओं का वर्णन किया गया। संत माता कर्मा की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि विनोद सेवनलाल चंद्राकर पूर्व विधायक ने कहा कि साहू समाज ऐसे महान व्यक्तित्व के वंशज हैं, जिन्हें भगवान श्रीकृष्ण की विशेष भक्ति प्राप्त हुई। संत माता कर्मा भगवान कृष्ण के महान भक्तों में शामिल हैं। उनकी भक्ति व प्रेम से प्रसन्न होकर भगवान ने



उनके हाथों से खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया था। आज साहू समाज के लोग जागरूक हो चुके हैं। समाज के विभिन्न रूढ़ीवादी परंपराओं का त्याग कर समाज हित में निर्णय ले रहे हैं तथा समाज को हर क्षेत्र में आगे बढ़ा रहे हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सरपंच प्रमिला ध्रुव, पंचगण, साहू समाज के ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र साहू, सुखदेव साहू, भुवन लाल साहू, जगदीश साहू, निरंजन साहू, शिवकुमार साहू, किशन देवांगन, जनकराम साहू, तोगेश साहू, सीताराम साहू, उपसरपंच जितेंद्र साहू, नीलकंठ साहू, मुरारी साहू, हिरामन साहू, ठगन साहू, पन्नालाल, राजेश, पुरुषोत्तम, लालू, लोचन साहू, मुकेश साहू एवं बड़ी संख्या में साहू समाज के महिला-पुरुष, युवा व ग्रामीणजन उपस्थित थे। संचालन किशन लाल देवांगन ने किया।

**खबर संक्षेप**

## वक्फ संशोधन अधिनियम 2024 के विषय पर गोष्ठी आज

**महासमुंद।** स्वाध्याय केंद्र समिति महासमुंद द्वारा वक्फ संशोधन अधिनियम 2024 के विषय में 27 मार्च गुरुवार को शाम 6 बजे गोष्ठी आयोजित की जाएगी, जो कि पुराना महाविद्यालय रोड स्थित स्वाध्याय केंद्र में होगी। स्वाध्याय केंद्र समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र राठौर ने बताया कि कार्यशाला में (छग शासन) छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज प्रमुख वक्ता के रूप में बतौर मार्गदर्शन के लिए उपस्थित रहेंगे। कल होने वाले इस गोष्ठी में क्षेत्र के समस्त प्रबुद्ध जन, समाजसेवी, पत्रकार सभी राजनैतिक दल के नेता सभी धर्म प्रेमी, विभिन्न संगठनों के प्रमुख सह प्रमुखों को उपस्थित होने की अपील की गई है। साथ ही साथ आम जनता से भी अपील की गई है कि वे कल सायं 6 बजे स्वाध्याय केंद्र में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें, ताकि वक्फ संशोधन अधिनियम 2024 के विषय की सारी जानकारी वे प्राप्त कर सकें।

## संस्कृति ज्ञान परीक्षा पुरस्कारों की हुई घोषणा

**महासमुंद।** गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद द्वारा आयोजित जिला स्तरीय भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा वर्ष 2024-25 में कक्षा -5 से लेकर महाविद्यालीन स्तर तक नौ वर्गो में आयोजित किया गया था। जिसके पुरस्कारों की घोषाणा गायत्री शक्तिपीठ सरायपाली में की गई। उक्त परीक्षा में शासकीय उच्च प्राथमिक शाला स्टेशन पारा महासमुंद की कक्षा 7वीं की छात्रा प्रीति यादव ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान एवं रेणुका पटेल ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। जिससे कि उनके विद्यालय का मान बढ़ा है। बच्चों ने इसका श्रेय विद्यालय के गुरुजनों एवं अपने माता पिता को दिया है।

## जिले के 8 जरूरतमंदों के लिए स्वेच्छानुदान स्वीकृत

**महासमुंद।** उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ अरूण साव ने अपने स्वेच्छानुदान मद से जिले के 8 जरूरतमंदों के लिए स्वेच्छानुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें जिला मुख्यालय महासमुंद के वार्ड क्रमांक 03 के हीरालाल गांधी, वार्ड क्रमांक 07 नयापारा के यश गांधी, वार्ड क्रमांक 25 राधा कृष्ण वार्ड कुम्हारा के पूर्वांश चंद्राकर, वार्ड क्रमांक 05 नयापारा के हुमन कुमार ओगरे, खैराबाड़ा बीटीआई रोड निवासी डोमार साहू शामिल हैं। वहीं विकासखंड महासमुंद के ग्राम बनपचरी निवासी यश विजय चंद्राकर, ग्राम बरनाईदार झगरेनडीह की झरना प्रधान एवं तृप्ति प्रधान को भी स्वेच्छानुदान राशि प्रदान की गई है। स्वीकृत राशि प्राप्त करने के लिए लाभार्थियों को मतदाता परिचय पत्र, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, राशन कार्ड, स्वयं के दो फोटो सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज संबंधित तहसील कार्यालय में प्रस्तुत करने होंगे। तत्पश्चात स्वीकृत राशि का भुगतान आरटीजीएस के माध्यम से किया जाएगा।

## ढेठा में सजी कवियों की महफिल

**जीजामगांव।** ग्राम ढेठा के कबीर आश्रम में 24 अप्रैल को संगवारी साहित्य समिति सिर्री की मासिक गोष्ठी हुई जिसमें कवियों का काव्यपाठ और साहित्यिक परिचर्चा हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ कबीर आश्रम के संत बलवंत साहेब, रतन साहेब, भोज साहेब और आयोजक परिवार गुरुप्रसाद साहू, राजकुमार साहू शिक्षक ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। काव्य गोष्ठी में विभिन्न समसामयिक घटनाओं को लेकर चिंतन परक रचनाओं का पाठ किया जिसे श्रोताओं ने बखूबी सराहा। प्रमुख कवि के रूप में सौहेंद्र सिंग गुरूदत्ता, मानस मर्मज्ञ रामेश्वर प्रसाद सिन्हा, मोहनलाल घिवरिया सिर्री, सूर्यलाल साहू ढेठा, मोहन कंसारी नारी, बृजलाल दावना, तातुराम भैंसबोड़, प्यारेलाल, लीलाराम सिन्हा मरौद, राजू छत्तीसगढ़िया गातापार, जागेंद्र सिन्हा कन्हारपुरी, एस कुमार साहू सिवनी कला ने रचनापाठ किया। कार्यक्रम का संचालन रामेश्वर साहू शिक्षक बकली ने किया। गुरुप्रसाद साहू, शिक्षक राजकुमार साहू ने आभार प्रकट किया।

**आयोजन : बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान अंतर्गत हुई कार्यशाला**

# बाल विवाह रोकथाम की ली शपथ मानव तस्करी के मुद्दों पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा 10 मार्च 2024 को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का शुभारंभ किया गया था। यह अभियान प्रदेश में बच्चों के सर्वांगीण विकास, कुपोषण उन्मूलन और मातृ-शिशु मृत्यु दर को शून्य स्तर तक लाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। बाल विवाह एक सामाजिक कुप्रथा है, जो बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और समग्र विकास में बाधा डालती है।



सरकार इसे पूर्ण रूप से समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके प्रभावी रोकथाम हेतु प्रदेश सहित जिले में जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला पंचायत के सभाकक्ष में बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, सदस्य जागेश्वर जुगनू चंद्राकर, लोकनाथ बारी, रवि साहू, राम दुलारी सिन्हा, जगमोतीन भोई, जनपद अध्यक्ष दिशा दीवान, उपाध्यक्ष तुलसी चंद्राकर, सदस्य निधि चंद्राकर, योगेश्वरी बबली जांगडे, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास समीर पांडेय, सरपंचगण, जनप्रतिनिधिगण एवं महिला एवं बाल विकास के अधिकारी उपस्थित थे। कार्यशाला में बाल विवाह के रोकथाम के लिए उपस्थित जनप्रतिनिधियों को पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी गई।

बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम के लिए शपथ दिलाई गई। कार्यशाला में विशाखा समिति की गाइडलाइन और मानव तस्करी के मुद्दों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इन विषयों पर अधिवक्ता साधना सिंह एवं उपपुलिस अधीक्षक सारिका वैद्य द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। मौजूद सभी जनप्रतिनिधियों से बाल विवाह की निषेध के प्रचार-प्रसार व शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित कार्रवाई करने की अपील की गई।

### बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम एवं छत्तीसगढ़ बाल विवाह प्रतिषेध नियम की दी गई जानकारी

कार्यशाला में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 एवं छत्तीसगढ़ बाल विवाह प्रतिषेध नियम 2007 की जानकारी कार्यक्रम अधिकारी समीर पांडेय एवं परियोजना अधिकारी मनीषा साहू द्वार दी गई। जिसके अनुसार 21 वर्ष से कम आयु के लड़के और 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की का विवाह कानूनन प्रतिबंधित है। बाल-विवाह एक सामाजिक कुप्रथा है। जिसके सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक या प्रेम प्रसंग कारण हो सकते हैं, जिन्हें विमर्श में लेकर उन कारणों को पूर्णतः समाप्त कर एक सकारात्मक वातावरण तैयार किया जाना आवश्यक है। बाल विवाह बच्चों के अधिकारों और उनके विकास को प्रभावित करता है। यह विकास को बाधित करने वाली गंभीर समस्या है। जिसके पूर्ण रोकथाम के लिए सामाजिक, कानूनी और आर्थिक स्तर पर लोगों को जागरूक करना एवं इस कुप्रथा से होने वाले दुष्परिणामों को जन-जन को समझाना महत्वपूर्ण है। ताकि, इसे प्रभावी तरीके से रोका जा सके और बच्चों का सर्वांगीण विकास कर उन्हें पूर्णतः सुरक्षित रखा जा सके। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से अधिक आयु का पुरूष, यदि 18 वर्ष से कम आयु की किसी महिला से विवाह करता है तो उसे 2 वर्ष तक के कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 1 लाख रूपय तक हो सकता है अथवा दोनों से दण्डित किया जा सकता है। कोई व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है, करता है अथवा असमें सहायता करता है उसे 2 वर्ष तक का कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 1 लाख रुपए तक हो सकता है अथवा दोनों से दण्डित किया जा सकता है। कोई व्यक्ति जो बाल विवाह को बढ़ावा देता है अथवा उसकी अनुमति देता है, बाल विवाह में सम्मिलित होता है उसे 2 वर्ष तक के कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 1 लाख रुपए तक हो सकता है अथवा दोनों से दंडित किया जा सकता है। किसी भी महिला को कारावास का दंड नहीं दिया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि बाल विवाह की सूचना अनुविभागीय दंडाधिकारी, पुलिस थाने में, महिला एवं बाल विकास विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी, कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सरपंच, कोटवार, चाइल्ड हेल्पलाईन 1098 एवं महिल हेल्पलाईन 181 आदि को दी जा सकती है।

**सफलता का क्रम लगातार जारी**

## सुपर 40 बागबाहरा के 9 बच्चों ने नवोदय के लिए मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

जिले के बागबाहरा विकासखंड के सेवाभावी शिक्षकों द्वारा वर्ष 2019 से लगातार विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी कराई जा रही है। शिक्षकों द्वारा यहां प्रत्येक रविवार और अवकाश के दिनों में कक्षाएं लेकर बच्चों को विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं जैसे नवोदय विद्यालय, एकलव्य, उत्कर्ष और प्रयास जैसे प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है।

प्रतिवर्ष की भांति जब नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2025 का परिणाम आया, तो सुपर 40 बागबाहरा के 9 छात्रों का नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है, जिसमें त्रिशा पटेल, नाम्या पटेल, टिंकल साहू, योगिता चक्रधारी, मोक्ष चौधरी, केशर रैदास, दिवाकर साहू, प्रतीक सेन, युवराज बरिहा शामिल हैं। इस सफलता पर जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत, सहायक संचालक द्वय सतीश नायर, नंदकुमार सिन्हा, डीपीसी रेखराज शर्मा, एपीसी संपा बोस, विकासखंड शिक्षा अधिकारी केके वर्मा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामता मन्नाडे, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक भूपेश्वरी साहू, सुपर 40 बागबाहरा के संयोजक हीरासिंग नायक प्राचार्य सेजेस कोमाखान, सचिव केदारनाथ साहू, कोषाध्यक्ष अनिल चक्रधारी, शिक्षक धीरज तिवारी, कुलदीप साहू, जगदेव साहू, रश्मि शर्मा, धनेश्वर साहू, लोकनाथ रैदास, महादेव देवांगन, छोटू निषाद, सुभाष चंद्राकर, योगेंद चंद्राकर, अश्विनी दीवान, परस राम ठाकुर, दौलत दीवान, राजेंद्र साहू ने हर्ष जताया है।

सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामता मन्नाडे ने सुपर 40 बागबाहरा के सभी शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी वह भी बुनियादी स्तर पर निश्चित रूप से हमारे विकास खण्ड के लिए बहुत लाभदायक साबित हो रही है। उन्होंने भविष्य में भी सुपर 40 के शिक्षकों से इस कार्य को निरंतर जारी रखने की अपेक्षा की है।

### सेजेस तुमगांव में बालिकाओं को दिया जा रहा आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

**महासमुंद।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुमगांव में माह जनवरी 2025 से प्रतिदिन 1 घंटे बालिकाओं के आत्मरक्षा हेतु कराटे का प्रशिक्षण, प्रशिक्षण सत्य नारायण दुर्गा द्वारा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में अंग्रेजी माध्यम के कक्षा छठवीं से बारहवीं तथा हिंदी माध्यम के कक्षा नवमी से बारहवी के विद्यार्थी सम्मिलित हो रहे है। प्रशिक्षण प्रभारी के रूप में अंकिता ठाकरे, डोलेश होता, मोनिका यादव शिक्षक उपस्थित रहते है।

## सम्हर को मिला टीबी मुक्त पंचायत का पुरस्कार




**तेंदूकोना।** विश्व क्षय दिवस पर ग्राम पंचायत सम्हर को टीबी मुक्त पंचायत का पुरस्कार मिला। इस अवसर पर बागबाहरा जनपद अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर एवं नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल की उपस्थिति में सम्हर सरपंच किशोर कुमार साहू का कांस्य पदक व प्रमाण पत्र से सम्मान किया गया। सरपंच किशोर साहू ने सम्मान का श्रेय अपने गांव के मितानिन व स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को दिया और कहा कि ये पुरस्कार हमारे गांव के मितानिन व स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के अथक प्रयास और परिश्रम का नतीजा है तथा आगे भी उनसे इसी तरह सहयोग की अपेक्षा करते हैं।

## संत माता कर्मा ने संपूर्ण मानव जाति को भक्ति करूणा व मानवता का पाठ पढ़ाया: निखिलकांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

साहू समाज लांजीमार परिक्षेत्र द्वारा योगेश्वर धाम पतोरा, जिला नुआपाड़ा (ओडिशा) में संत माता कर्मा की 1009 वीं जयंती के अवसर पर संत माता कर्मा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन 25 मार्च को किया गया। जिसमें बतौर प्रमुख अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू थे। अन्य अतिथियों में रघुनाथ साहू अध्यक्ष निखिल उत्कल तैलिक वैश्य साहू महासभा ओड़िशा, राजेंद्र धोलकिया पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक नुआपड़ा, बसंत पंडा पूर्व सांसद कालाहांडी, तारेश्वरी धनीराम साहू अध्यक्ष पंचायत समिति नुआपड़ा आदि थे। मुख्य वक्ता मधुसूदन दास जिलापाल नुआपड़ा, अध्यक्षता देवधर साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ नुआपड़ा ने की।



सर्वप्रथम समस्त अतिथियों ने संत माता कर्मा की तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर माँ कर्मा की पूजा की। पश्चात सभी अतिथियों का आयोजन समिति द्वारा शाल, श्रीफल, रोली-अक्षत लगाकर स्वागत किया गया। संबोधन में मुख्य अतिथि चुन्नीलाल साहू ने समाजजनों को एकजुट होकर समाज हित में प्रयास करने की बात कही। प्रमुख अतिथि नगर पालिका महासमुंद अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कार्यक्रम में शामिल होने अवसर प्रदान करने पर समस्त स्वजातीय बंधुओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि साहू समाज आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने समाज में शिक्षा पर विशेष जोर दिया। साथ ही समाज के युवा वर्ग को समाजिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही। नपाध्यक्ष साहू ने संत माता कर्मा की भक्ति को प्रणाम कर कहा कि माता कर्मा ने साहू समाज सहित समस्त मानव जाति को भक्ति, करुणा व मानव सेवा का पाठ पढ़ाया, उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान कृष्ण ने स्वयं उनके हाथों से खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया, जो हमारे समाज का गौरवपूर्ण इतिहास है। सभा को कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों ने संबोधित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ओड़िशा व छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से साहू समाज के पदाधिकारी, स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।



### पीएम आगमन को लेकर हुई भाजपाइयों की बैठक

**महासमुंद।** भाजपा ग्रामीण मंडल महासमुंद के तत्वावधान में नवनिर्वाचित पंच, सरपंच, जनपद सदस्यों का सम्मान समारोह एवं आगामी 30 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन विषय को लेकर महत्वपूर्ण बैठक भाजपा जिला कार्यालय महासमुंद में 25 मार्च को हुआ। इस महत्वपूर्ण बैठक में कार्यक्रम के सह प्रभारी एवं जिला कोषाध्यक्ष थानसिंह दीवान, मंडल अध्यक्ष दिग्विजय साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र गिरी, निवृतमान मंडल अध्यक्ष श्याम साकारकर, महामंत्री लक्ष्मीकांत तिवारी, नामदेव साहू, राकेश चंद्राकर, जनपद पंचायत महासमुंद के उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर, खट्टी जनपद सदस्य पुष्पा बाई ध्रुव, चुनेश्वरी साहू, गोविंद सिंह ठाकुर, साजन यादव एवं ग्रामीण मंडल के निर्वाचित जनप्रतिनिधिगण, शक्ति केंद्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्तागण उपस्थित हुए। उक्त कार्यक्रम का संचालन डॉ माखन सिन्हा एवं आभार प्रदर्शन लक्ष्मीकांत तिवारी ने किया।

## बम्हनी में शराब दुकान खोलने का विरोध, पूर्व विधायक चोपड़ा से मिले ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम बम्हनी के ग्रामीणों ने बुधवार को पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा से भेंटकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। बम्हनी के ग्रामीणों ने कहा कि शासन के मंशानुरूप ग्राम बम्हनी में देशी/अंग्रेजी शराब दुकान प्रारंभ किए जाने की प्रक्रिया चल रही है। ग्राम बम्हनी में भगवान पंच कोशी धाम, बम्हनेश्वर नाथ महादेव का बहुत पुराना मंदिर है, जहां सावन माह में कांवड़ यात्री जल लेकर सिरपुर के गंधेश्वर नाथ महादेव मंदिर के लिए प्रस्थान करते है। ग्राम बम्हनी में सालभर दर्शनार्थी भगवान बम्हनेश्वर नाथ महादेव के दर्शन एवं पूजा अर्चना के लिए आते रहते है। साथ ही ग्राम बम्हनी में उच्चतर माध्यमिक की कक्षाएं संचालित होती है। जिसके कारण आसपास के विद्यार्थी बड़ी संख्या में अध्ययन के



लिए ग्राम बम्हनी में आते है। यदि ग्राम बम्हनी में शराब दुकान खोला गया तो ग्राम के युवा वर्ग के लोग शराब के नशे के आदि हो जाएंगे, जिससे ग्राम में अशांति होने के साथ-साथ आए दिन दिन लड़ाई झगड़े के साथ-साथ सामाजिक बुराई में भी वृद्धि होगी। एक ओर अवैध रेत परिवहन की वजह से ग्राम बम्हनी पहले से ही संवेदनशील स्थान है। ग्रामवासियों ने डॉ. चोपड़ा के समक्ष अनुरोध किया कि ग्राम बम्हनी में शराब दुकान न खुले। और कहा कि गांव में शराब दुकान खुलता है तो ग्राम वासियों द्वारा इसका विरोध कर उग्र आंदोलन किया जाएगा। डॉ. चोपड़ा ने कहा कि गांव में शराब दुकान न खुले, इसके लिए हम प्रयास करेंगे। कहा कि वे आंदोलन की बात न करें, समस्याओं पर महासमुंद कलेक्टर से मिलकर चर्चा की जाएगी और गांव में शराब दुकान न खुले इसके लिए पुरजोर प्रयास किया जाएगा।

## आनंदी चौका आरती का कार्यक्रम हुआ



**बसना।** महंत लखन मुनि साहेब ने कबीर पंथ सत्संग 26 मार्च को डॉ रविशंकर चंद्रा एवं उनकी धर्मपत्नी सुषमा चंद्रा द्वारा गृह प्रवेश एवं जन्मोत्सव के अवसर में आनंदी चौका आरती का कार्यक्रम महंत लखनमुनि साहेब के सानिध्य हुआ। कार्यक्रम में चंद्रभागा चंद्रा, गंगोत्री चंद्रा, लखन चंद्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं भुवनेश्वरी चंद्रा, क्षेत्रीय अध्यक्ष कोरबा हरिशंकर चंद्रा, नीमा चंद्रा, लवलेश चंद्रा, देवप्रसाद चंद्रा, शांति चंद्रा, राजेश चंद्रा, देवकुमारी चंद्रा, पुष्पलता चंद्रा एवं अन्य विशिष्ट जन के उपस्थिति में हुआ।

## पांच दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला महिला पतंजलि योग समिति महासमुंद के तत्वावधान में पांच दिवसीय 26 मार्च से 30 मार्च तक योग शिविर का आयोजन नगर के बीटीआई रोड स्थित गुरु गोविंद सिंह उद्यान में निःशुल्क शुरू किया गया है। शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर जिला महामंत्री महिला पतंजलि योग समिति पूनम पटले द्वारा किया गया।



पतंजलि योग शिक्षिका खिलेश घृतलहरे के नेतृत्व में इस शिविर का संचालन किया जा रहा है। जिसमें योग के माध्यम से स्वस्थ रहने के लिए योगिंग जॉगिंग, ध्यान, मेडिटेशन, आसन, प्राणायाम सिखाया जा रहा है। शिविर के पहले दिन भारत स्वाभिमान न्यास के जिला मीडिया प्रभारी संदीप पटले, आयुर्वेद चिकित्सक डॉ सरोज घृतलहरे, जिला खेल अधिकारी मनोज घृतलहरे, सुमन यादव, पूजा साहू, सीमा सगरवंशी, उसशी यादव, प्रीति ध्रुव, तनीषा दीवान, राकेश अवड़िया, रितेश चंद्राकर, नवीन साहू आदि ने शिविर में भाग लिया। गुरु गोविंद सिंह उद्यान में नियमित वॉकिंग करने वाले सभी लोगों ने उद्यान में योग शिविर लगने पर हर्ष व्यक्त किया है और कहा है कि यह नियमित वॉकिंग करने वाले लोगों के लिए बहुत अच्छा है। इसमें शिविर में ज्यादा उपस्थिति के साथ लोग शिविर का लाभ लेंगे। नगर के सभी निवासियों से अनुरोध है कि इस शिविर का लाभ उठाएं वह अपने शरीर को स्वस्थ व निरोगी बनाएं।




